**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टेन सतीश शर्मा)** : (क) से (ग) हजीरा की तथा एच बी जे पाइपलाइन मार्ग की मौजूदा बचनबद्धताओं को पूरा करने के लिए मध्य ताप्ती तथा दक्षिण ताप्ती से गैस हजीरा लाने के संबंध में निर्णय लिया गया है। गुजरात की परियोजनाओं के लिए 21.2.1 एम एम एस सी एस डी गैस की मात्रा के लिए आवंटन किया गया है जो किसी भी राज्य से सर्वाधिक है।

**गांवों और कस्बों में गैस एजेंसियां खोला जाना**

2190. **श्री रामजी लाल : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार गांवों में पेट्रोलियम उत्पाद उपलब्ध करा कर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विषमताओं को दूर करने की किसी योजना पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो जिन गांवों/कस्बों में वर्ष 1994 के दौरान सरकार ने गैस ऐजेंसियां खोली हैं उनका ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या सरकार साथ-साथ लगने वाले गांवों की आबादी को जोड़कर उसे एक ग्रामीण इकाई मानते हुए 20,000 तक की आबादी वाले गांवों में गैस ऐजेंसियां खोल रही है या खोलने पर विचार कर रही है ;

(घ) यदि हां तो इस संबंध में और विशेष रूप से हरियाणा के हिसार जिले और आदमपुर कस्बे के बारे में ब्यौरा क्या है ;

(ङ) यदि नहीं तो क्या इससे गांवों और शहरों के बीच मौजूद विषमता और बढ़ेगी ; और

(च) सरकार इस विषमता को दूर करने के लिए क्या कदम उठा रही है ?

**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा)** : (क) से (च) पेट्रोल, डीजल तथा केरोसीन डीलरशिपें देश के विभिन्न क्षेत्रों शहरी तथा ग्रामीण दोनों ही में मांग संभाव्यता, आर्थिक व्यवहार्यता तथा अन्य मात्रा-दूरी मानकों के आधार पर नियोजित एवं स्थापित की जाती हैं। तथापि उत्पाद की सीमित उपलब्धता के कारण एल पी जी (रसोई गैस) डिस्ट्रीब्यूटरशिपें उन जिला मुख्यालयों में जहां यह नहीं है तथा 20,000 और इससे अधिक आबादी वाले नगरों में चरण बद्ध तरीके से मांग संभाव्यता, आर्थिक व्यवहार्यता तथा उत्पाद की उपलब्धता होने पर नियोजित एवं स्थापित की जाती है। सामान्यतया वर्तमान में एल पी जी (रसोई गैस) सुविधा को ग्रामीण क्षेत्रों में दिए जाने के संबंध में कोई नीति नहीं है।

अतिरिक्त रिफाइनरियों तथा एल पी जी (रसोई गैस) उपलब्धता में वृद्धि करने के लिए आयात सुविधाओं को स्थापित करने के संबंध में तेल उद्योग द्वारा योजनाएं तैयार की गई हैं। इसके अलावा सरकार ने एल पी जी (रसोई गैस) आयात करने के संबंध में निजी विपणनकर्ताओं को भी अनुमति दी है। इन कार्यों से 1997-98 से आगे एल पी जी (रसोई गैस की उपलब्धता में सुधार आना प्रत्याशित है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में भी एल पी जी (रसोई गैस) का विपणन हो सकेगा।

**बाटलिंग संयंत्रों द्वारा सिलिंडरों में कम मात्रा में गैस का भरा जाना**

2191. **श्री रामजी लाल : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि बाटलिंग संयंत्र गैस एजेंसियों को प्रति सिलडर 14.2 किलोग्राम की क्षमता से प्रति सिलेंडर कम गैस की सप्लाई कर रहे हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या ऐसे सिलेंडर बाटलिंग संयंत्रों को वापिस किए जा सकते है ;

(ग) यदि हां, तो एक से सिलेंडरों को लौटाते समय सिलेंडरों में मौजूद गैस की मात्रा को ध्यान में रखा जाता है ;

(घ) यदि हां, तो क्या बाटलिंग संयंत्र गैस की कम मात्रा वाले सिलेंडर स्वीकार करते हैं ;

(ङ) यदि नहीं तो क्या सिलेंडरों में कम मात्रा में गैस भरने के लिए बाटलिंग संयंत्रों को जिम्मेदार ठहराया जाता है ; और

(च) इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) :** (क) से (च) सभी भरण संयंत्रों में भरे हुए एल पी जी सिलेंडरों की विशुद्धता सुनिश्चित करने के लिए सिलिंडरों को भराई वर्तमान तोल यंत्रों से की जाती है और गुणवत्ता नियंत्रण जांच की जाती है। प्रचालन के दौरान आवधिक जांच भी की जाती है। परन्तु कभी कभार गड़बड़ी पूर्ण जांच तुलाओं के कारण कुछ कम वजनी सिलेंडर डिस्ट्रीब्यूटरों तक पहुंच जाते है । जो उनके द्वारा उसी डिलीवरी ट्रक से संयंत्रों को वापस कर दिया जाता है और जिन्हें संयंत्रों द्वारा स्वीकार कर लिया जाता है। ऐसे सिलिंडरों को वापस करते समय सिलेंडर ज्यों के त्यों रखे जाते हैं और उनके संबंध में वास्तविक वजन का ब्यौरा देते हुए क्षेत्र विकय अधिकारियों द्वारा विधिवत प्रमाणित किया जाता है।

**Supply of Petrol, Diesel and Kerosene to Rajasthan**

2192. SHRI RAMDAS AGARWAL: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) the quantity of petrol, diesel and kerosene supplied upto 30th Tune, 1994 in the State of Rajasthan, District-wise

(b) the demand and the supply of these items during 1991-92, 1992-93 and 1993-94 district-wise; and

(c) whether State Government asked during the last two years for increasing the quota of these items; if so, the action taken thereon?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM & NATURAL GAS (CAPTAIN SATISH SHARMA): (a) and (b) Petrol and Diesel are suplied in full as per the requirement all over the Country. District-wise figures of supply of Petrol and Diesel are not maintained.

The Central Government makes bulk allocation of SKO to the States which make district-wise distribution at their own level. The quantities of SKO allocated to the Rajasthan State for the years 1991-92, 1992-93 and 1993-94 are as under :—

(Figs. in Mts.)

| Years | Total Allocation |
|---|---|
| 1991-92 | 264758 |
| 1992-93 | 265136 |
| 1993-94 | 285702 |

(c) Requests are received from State Governments for additional allocation of Kerosene from time to time. However, on account of constraints of product avail ability, foreign exchange and heavy subsidy involved, it is not possible to meet the full demand of the States. Mo derate increase has teen given to Rajas than during the past year and the cur rent year.

**हल्दिया से बरौनी तेल शोधक कारखाने तक गैस पाइपलाइन**

**2193. श्री राम जेठमलानी :** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार द्वारा कच्चे तेल की आपूर्ति के लि